## 15-09-2021

## विद्यांजलि 2.0

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. विद्यांजलि 2.0 पोर्टल भारत में स्कूली शिक्षा के लिए निजी दाताओं कॉर्पोरेट जिम्मेदारी योगदान और स्वयंसेवी गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने में मदद करेगा।
2. विद्यांजलि 2.0 पोर्टल स्कूल विकास के लिए निजी योगदान के समन्वय में मदद करेगा।
3. समग्र शिक्षा योजना विद्यालयी शिक्षा हेतु एक एकीकृत योजना है, जिससे विद्यालय नर्सरी से लेकर बारहवी कक्षा तक के समस्त आयामों को सम्मिलित किया गया है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :- हाल ही में प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से शिक्षक पर्व के उद्घाटन सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के लिए 'विद्यांजलि 2.0' पहल की शुरूआत की है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- विद्यांजलि 2.0 शिक्षा मंत्रालय द्वारा की गई एक पहल है।
- विद्यांजलि 2.0 पोर्टल भारत में स्कूली शिक्षा के लिए निजी दाताओं, कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी योगदान और स्वयंसेवी गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने में मदद करेगा।
- विद्यांजलि 2.0 पोर्टल स्कूल विकास के लिए निजी योगदान के समन्वय में मदद करेगा। निजीकरण की भागीदारी बढ़ाने से सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में मदद मिलेगी।
- सर्व शिक्षा अभियान सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। सर्व शिक्षा अभियान का उद्देश्य एक निश्चित समय सीमा के अंदर सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन ठहराव, तथा गुणवत्ता युक्त प्रारंभिक शिक्षा सुनिश्चित करना है।
- प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी पोर्टल को लांच करने का उद्देश्य छात्रों के तकनीकी प्रशिक्षण-विदेश या देश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु बैंक से ऋण लेने की समस्या का निदान करना है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- ❖ समग्र शिक्षा योजना विद्यालयी शिक्षा हेतु एक एकीकृत योजना है, जिसमें नर्सरी से लेकर बारहवीं कक्षा तक के समस्त आयामों को सम्मिलित किया गया है।
- ❖ मध्याह्न भोजन के तहत सरकारी स्कूल में सभी बच्चों को मध्याह्न भोजन दिया जाता है, ताकि स्कूल में बच्चे रोजाना आये और उन्हें पर्याप्त पोषण मिलता रहे।
- ❖ बेटी बचाओ बेटी पढाओ केन्द्र सरकार ने यह योजना 2015 में शुरू की थी। यह योजना बालिका शिक्षा के लिए सबसे प्रसिद्ध योजनाओं में से एक है।

## वेम्बनाद झील

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. वेम्बनाद भारत में पश्चिम बंगाल मे सुंदरवन के बाद 2114 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के साथ दूसरा सबसे बड़ा रामसर (दलदली) स्थल है।
2. वेम्बनाद झील केरल के कोट्टयम जिले में स्थित है। यह केरल की सबसे बड़ी और देश की सबसे लंबी झील है।
3. सर्वे में वेम्बनाद झील में मछलियों की 100 प्रजातियां दर्ज की गई है, जिसमें 92 फिन फिश और 8 शेलफिश प्रजातियां है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :- केरल की वेम्बनाद झील हाल ही में सुर्खियों में रही जहां मछली की प्रजातियों की संख्या पता लगाने के लिए वार्षिक सर्वे किया गया है। यह सर्वे भारत के प्रसिद्ध पर्यावरणीय गैर सरकारी संगठन 'अशोका ट्रस्ट फॉर रिसर्च इन इकोलाजी एंड एनवायरनमेंट' ने कराया है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- ❖ वेम्बनाद झील केरल में स्थित एक अंतर्राष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि के रूप में एक रामसर स्थल है। इसे 2002 में रामसर स्थल घोषित किया गया था।
- ❖ वेम्बनाद झील केरल के कोट्टयम जिले में स्थित है। यह केरल की सबसे बड़ी और देश की सबसे लंबी झील है।
- ❖ यह झील प्रवासी पक्षियों का आश्रय है, जहाँ कुमारकोम पक्षी अभ्यारण सबसे प्रसिद्ध है। इसके साथ-साथ यहां ओणम के अवसर पर प्रसिद्ध नौका दौड़ का आयोजन भी किया जाता है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- सर्वे में वेम्बनाद झील मे मछलियों की 100 प्रजातियां दर्ज की गई है, जिनमें 92 फिन फिश और 8 शेलफिश प्रजातियां है। वेम्बनाद झील में किया गया यह 14 वां वार्षिक सर्वे था।
- 2019 के सर्वे में जहां वेम्बनाद झील में मछलियों की 98 प्रजातियां पाई गई थी वहीं 2020 में 76 प्रजातियां ही पाई गई थी।
- कुछ विदेशी प्रजातियां जैसे इरिडिसेट शार्क कैटफिश, रेड बेली फिश और तिलपिया भी वेम्बनाद झील के अलग अलग हिस्सों में पाई गई थी।
- सर्वे में इस झील के जल की गुणवत्ता की भी जांच की गई जिसमें पाया गया कि इसके जल का PH मान 5.9 से 6.2 के बीच है। सर्वोधिक उच्च लवणता इस झील में 6.8 PH दर्ज की गई है।
- इस झील को वेम्बनाद झील, वेम्बनाद कयाल, पुन्नामदा झील और कोच्चि झील के नाम से भी जाना जाता है। इसका स्त्रोत 4 नदियां, मीनाचिल, अचनकोविल, पम्पा और मणिमाला है।
- केरल की वेम्बनाद झील में प्लास्टिक बोतलों को हटाने वाले पर्यावरण योद्धा राजाप्पन को ताइवान के द सुप्रींग मास्टर चिंग इंटरनेशनल ने 'शाइनिंग वर्ल्ड– अर्थ प्रोटेक्शन ' अवार्ड से सम्मानित किया गया हैं।

## राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक 2020

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. भारत सरकार वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान तथा अनुसंधान प्रणाली सफर पर वायु गुणवत्ता स्तर का मापन करती है।
2. केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1981 के अंतर्गत शक्तियां व कार्य सौपे गए हैं।
3. वायु गुणवत्ता सूचकांक के मानक शुरूआती 100 अंकों को अच्छा माना जाता है। जैसे–जैसे अंक बढते हैं, हवा की गुणवत्ता खराब होती है।

**उपरोक्त में से कौन–सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :– हाल ही में पर्यावरण मंत्री ने कहा क शुद्ध वायु गुणवत्ता वाले शहर की संख्या 2020 में 86 से बढ़कर 104 हो गई है। उन्होंने इसका श्रेय सरकार ने नीतियों का उचित क्रियान्वयन को दिया है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक में आठ प्रदूषकों PM 2.5, PM10, अमोनिया, लैंड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, ओजोन, और कार्बन मोनोऑक्साइड को शामिल किया गया है।
- भारत सरकार वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान तथा अनुसंधान प्रणाली सफर पर गुणवत्ता स्तर का मापन करती है। जिसमें 1 से लेकर 500 अंकों तक हवा की गुणवत्ता का आंकलन किया जाता है।
- वायु गुणवत्ता सूचकांक के मानक शुरूआती 100 अंकों को अच्छा माना जाता है। जैसे-जैसे अंक बढ़ते जाते हैं, हवा की गुणवत्ता खराब होती जाती है, 100 से 200 तक के वायु स्तर को ठीक-ठीक की श्रेणी में रखा जाता है।
- केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का गठन एक सांविधिक संगठन के रूप में जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974 के अंतर्गत किया गया है।
- केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्य जल एवं वायु प्रदूषण के नियंत्रण मामले पर केन्द्र को सलाह देना है।
- राज्य बोर्डों की गतिविधियों के बीच समन्वय स्थापित करना और उनके बीच मतभेदों को सुलझाना है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS